समारोह | सम्मान समारोह ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में डाली बाधा

# परीक्षा के बीच मंत्री के भाषण का शोर, छात्र परेशान




**अनूपपुर, नवभारत 13 दिसंबर।** जिला मुख्यालय में शनिवार को एक ओर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा चल रही थी, वहीं दूसरी ओर उसी परिसर के निकट आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी मंत्री का भाषण गूंजता रहा। भाषण के शोर-शराबे के कारण परीक्षा दे रहे सैकड़ों बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में आयोजित किया गया।

### नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए लाभकारी : अहिरवार

मंत्री अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि देश-समाज को तोड़ने वाली वामपंथी विचारधारा से सभी को सावधान रहना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लागू नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए लाभकारी बताया। साथ ही एबीवीपी को छात्रहित में कार्यरत संगठन बताया।

### परीक्षा कक्षों तक तेज आवाज पहुंचती रही

इसी दौरान उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में ही नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा आयोजित थी। जिले के कुल 18 केंद्रों पर यह परीक्षा चल रही थी, जिनमें एक केंद्र आयोजन स्थल से सटा हुआ था। समारोह के दौरान लाउडस्पीकर से हो रहे भाषण और नारेबाजी के कारण परीक्षा कक्षों तक तेज आवाज पहुंचती रही। परीक्षा देकर बाहर निकले बच्चों ने बताया कि शोर के कारण एकाग्रता भंग हो गई और सवाल हल करने में दिक्कत हुई। कई छात्रों ने कहा कि जो याद किया था, वह शोर की वजह से भूल गए।

### अभिभावकों ने जताई नाराजगी

बच्चों को परीक्षा दिलाने आए अभिभावकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश बच्चों के लिए पहला और आखिरी बड़ा मौका होता है। ऐसे में परीक्षा के दौरान इस तरह का शोर-शराबा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### अनुमति पर सवाल, जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा

मामले पर सहायक आयुक्त सविता नायक ने स्पष्ट किया कि उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान की अनुमति उनके विभाग द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस आयोजन की जानकारी नहीं थी। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य अजय जैन ने भी बताया कि विद्यालय परिसर या मैदान के उपयोग की अनुमति उनसे नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि यह अनुमति जिला प्रशासन स्तर से दी गई होगी।



# योजनाओं का बखान जिले के विकास पर मौन

▸ पत्रकार वार्ता औपचारिकता तक सिमटकर रह गई


**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में 13 दिसम्बर शनिवार को विकास और सेवा के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता औपचारिकताओं तक सिमटकर रह गई। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने मंच से राज्य सरकार की योजनाओं, नीतिगत निर्णयों और प्रदेश स्तर की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, किंतु जिले से जुड़ी ठोस विकासात्मक प्रगति, स्थानीय नवाचारों और जमीनी स्तर पर हुए कार्यों को लेकर कोई स्पष्ट व तथ्यपरक विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

### पत्रकारों के सवालों का नहीं दिया जवाब

पत्रकार वार्ता का मूल उद्देश्य जिले के विकास कार्यों की समीक्षा था। परंतु जिले में अधोसंरचना विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, लंबित योजनाओं की प्रगति या स्थानीय समस्याओं के समाधान जैसे अहम मुद्दों पर प्रभारी मंत्री द्वारा कोई ठोस आंकड़े, समयसीमा या कार्य-योजना साझा नहीं की गई। पत्रकारों द्वारा जिले से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट किए जाने के बावजूद प्रभारी मंत्री द्वारा स्पष्ट उत्तर नहीं दिए गए।

# ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर, युवक की मौत

▸ दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर हो गया फरार



**अनूपपुर, नवभारत 13 दिसंबर।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटाटोला टोल नाका के पास शनिवार दोपहर ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार ग्राम चोई निवासी 21 वर्षीय कौशल चर्मकार बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्यू 9345 से खूटाटोला की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### पुलिस चालक की तलाश में जुटी

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जैतहरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमर वर्मा ने सड़क दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल को मौके पर भेजा गया, शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लहसुई शरीफ में उर्स 17 से 19 तक

**कोतमा नवभारत 13 दिसंबर।** खानकाहे शमसिया अशरफिया हुसैनिया लहसुई शरीफ कोतमा में शहज़ादा ए हुज़ूर हुसैनी मियाँ सैय्यद ताहिर अशरफ साहब किबला के सरपरस्ती में 17 दिसम्बर से सरकार हुसैनी मियां रहमातुल्लाहअलैह का पहले उर्स शुरु होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन होंगे। 17 दिसम्बर को सुबह 9बजे करआन ख्वानी शाम 4बजे के बाद परचम कुसाई से उर्स का आगाज होगा शाम 7बजे नात व मनकबत का प्रोग्राम होगा 18 दिसम्बर को सुबह 9 बजे कुरआन ख्वानी शाम 7:14 बजे कुल शरीफ उसके बाद मशाइख ए रायचूर कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा।

# धान की बोरी का ढेर ढहने से प्रबंधक का हाथ टूटा

इलाज के लिए रायपुर रेफर, मंडी प्रांगण में मची अफरा-तफरी

**कोतमा नवभारत 13 दिसंबर।** कृषि उपज मंडी कोतमा प्रांगण में संचालित धान उपार्जन केंद्र में निरीक्षण के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। धान से भरी बोरियों का ढेर अचानक ढह जाने से उपार्जन केंद्र के प्रबंधक रामकिशोर शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका हाथ टूट गया, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को कृषि उपज मंडी कोतमा स्थित धान उपार्जन केंद्र में प्रबंधक रामकिशोर शर्मा धान से भरी बोरियों के ढेर का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बोरियों का ढेर असंतुलित होकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से उनका हाथ टूट गया। घटना के बाद मंडी प्रांगण में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### किसानों ने प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद किसानों एवं उपार्जन केंद्र के स्टाफ द्वारा तत्काल प्रबंधक को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। हाथ में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जाता है कि धान उपार्जन केंद्र का संचालन 1 दिसंबर से 20 जनवरी तक निर्धारित है।

### प्रबंधक व्यवस्थाओं का कर रहे थे निरीक्षण

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भलमुड़ी के प्रबंधक रामकिशोर शर्मा को कृष्णा मंडी कोतमा, भलमुड़ी एवं दारसागर क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान वे नियमित रूप से मंडी प्रांगण में धान उपार्जन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे। घटना के बाद उपार्जन केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था और धान बोरियों के सुरक्षित भंडारण को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# आदिवासी संस्कृति के अनुरूप हो जिले का विकास : प्रीति




**अनूपपुर, नवभारत।** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने जिले के समग्र, समावेशी और दीर्घकालिक विकास को लेकर अहम सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि विकास योजनाएं इस प्रकार तैयार की जाएं, जिससे आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिले और साथ ही आदिवासी संस्कृति, स्थानीय अर्थव्यवस्था व प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने जिले की आदिवासी लोक कलाओं, हस्तशिल्प और पारंपरिक कौशल को चिन्हित कर संगठित तरीके से योजनाएं बनाने पर जोर दिया। इससे स्थानीय कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ उनकी पहचान को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रीति रमेश सिंह ने शासन की सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता बताते हुए प्रशासनिक पारदर्शिता, आपसी समन्वय और सतत निगरानी पर बल दिया।

# मध्य प्रदेश उत्सव में गूंजा उन्नति का संस्कृत भजन

▸ श्रोताओं को कर दिया मंत्रमुग्ध प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का किया प्रतिनिधित्व

**कोतमा नवभारत 13 दिसंबर।** जिले के छोटे से नगर कोतमा ने एक बार फिर अपनी सांस्कृतिक विरासत का परचम लहराया है। नगर की सुप्रसिद्ध बाल व्यास, श्रीमद् भागवत कथा सत्संग वाचक श्रीहित किशोरी उन्नति मिश्रा को मध्यप्रदेश उत्सव में विशेष संस्कृत भजन प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हुआ

13 दिसंबर को मध्यप्रदेश भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में उन्नति के संस्कृत भजनों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, मंच पर अपनी मधुर वाणी से वर्षों से भक्तों का ज्ञान-वर्धन करने वाली उन्नति ने प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व किया।



### माता-पिता के साथ दिल्ली हुई थीं रवाना

कार्यक्रम का निमंत्रण प्राप्त होते ही उन्नति कोतमा से अपने माता-पिता के साथ दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गईं थीं। जैसे ही यह सूचना नगर में पहुंची घर में बधाई देने वालों का लगा तांता लग गया था। परिवार, शुभचिंतक, संस्कृति प्रेमी और कथा श्रोताओं ने इस उपलब्धि को कोतमा और अनूपपुर जिले का गौरव बताया।

### कोतमा की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

भजनों के माध्यम से उन्नति मिश्रा लगातार प्रदेश-भर में कोतमा का नाम रोशन कर रही हैं। दिल्ली जैसे विशाल सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति मिलना उन्नति की निष्ठा, विद्वत्ता और साधना का प्रतिफल है। कोतमा की बेटी उन्नति ने एक बार फिर यह सिद्ध करने जा रही हैं कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। बस समर्पण, संस्कार और साधना चाहिए।

# बिखरते परिवार को मिला नया जीवन, आंखें हुई नम

कोतमा में नेशनल लोक अदालत का मानवीय फैसला

**कोतमा नवभारत 13 दिसंबर।** नेशनल लोक अदालत कोतमा में शनिवार को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक निर्णय सामने आया, जब प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने अपने विवेकपूर्ण और संवेदनशील हस्तक्षेप से दो वर्षों से बिछड़े पति-पत्नी को पुनः एक कर दिया। यह फैसला न केवल कानून की जीत है, बल्कि सामाजिक समरसता और परिवार संरक्षण का सशक्त उदाहरण भी बना। सूरज (परिवर्तित नाम) एवं मालिनी (परिवर्तित नाम) का विवाह वर्ष 2022 में ग्राम सकोला में संपन्न हुआ था। इस दंपति से एक पुत्र शिवम (परिवर्तित नाम) का जन्म हुआ। पारिवारिक मतभेदों के चलते ढाई वर्ष पूर्व पति-पत्नी के बीच विवाद गहराता गया। इसके बाद सूरज ने विवाह विच्छेद की कार्यवाही आरंभ की। दूसरी ओर पत्नी मालिनी द्वारा पति के विरुद्ध घरेलू हिंसा सहित अन्य लगभग छह प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

### दोनों पक्षों को दी गई समझाइश

सभी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते हेतु संदर्भित किया गया। लोक अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षकारों, उनके अधिवक्ताओं तथा न्यायालय के मध्य विस्तार से चर्चा हुई। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर बल दिया। इस क्रम में यह आदेशित किया गया कि अनावेदक सूरज अपनी पत्नी मालिनी को अंतिम वर्ष की परीक्षा दिलाएगा और उससे संबंधित समस्त खर्च वहन करेगा।

### थाना परिसर से मालिनी को किया जाएगा विदा

मालिनी के पुनः ससुराल जाने पर उसके द्वारा मायके पक्ष से जान को खतरा होने की आशंका जताई गई, तब न्यायालय ने परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए। आदेशानुसार 15 दिसंबर को पुलिस बल की उपस्थिति में थाना परिसर से मालिनी को सुरक्षित रूप से विदा कराया जाएगा। इस मानवीय फैसले का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब न्यायालय के आदेश के पश्चात सूरज ने अपनी पत्नी को गले लगाया और मालिनी भी मुस्कुराते हुए अपने पति से लिपट गई। इस दृश्य ने उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम कर दीं।

# फ्लाईओवर को लेकर अनोखा प्रदर्शन

भगवा पार्टी ने निर्माण स्थल पर 108 हनुमान चालीसा पाठ किया



**अनूपपुर, नवभारत 13 दिसंबर।** नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण में बीते नौ वर्षों से जारी अत्यधिक देरी के विरोध में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने शनिवार 13 दिसंबर को निर्माण स्थल पर 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन वन विभाग कार्यालय के सामने फ्लाईओवर ब्रिज के प्रारंभिक हिस्से पर प्रातः 11 बजे शुरू हुआ। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा प्रशासन, निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागों को सद्बुद्धि प्रदान करना था। आयोजन के अंत में विधिवत हवन-यज्ञ एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।

### नगर का विकास प्रभावित हो रहा : मिश्रा

भगवा पार्टी के जिलाध्यक्ष पं. कन्हैयालाल मिश्रा ने कहा कि फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण अधूरा रहने से नगर का समग्र विकास प्रभावित हो रहा है। व्यापारिक गतिविधियाँ ठप हैं, यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित है तथा अस्पताल, स्कूल और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और नागरिकों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# रेलवे प्लेटफार्म पर सो रहे सफाई कर्मी की मौत

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के बिजुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर सो रहे एक सफाई कर्मचारी की शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय बेचन के रूप में हुई है, जो छत्तीसगढ़ के खोगापानी का निवासी था। वह बीते चार महीनों से बिजुरी रेलवे स्टेशन में सफाई का कार्य कर रहा था और रोज़ाना रात में स्टेशन परिसर के प्लेटफार्म पर खुले में सोता था। शुक्रवार रात भी वह प्लेटफार्म पर ही सोया था। शनिवार सुबह जब वह निर्धारित समय पर सफाई कार्य के लिए नहीं उठा, तो रेलवे स्टाफ ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी पुलिस को दी गई।





# पुरुष वर्ग में दपूमरे व महिला में उपूरे की टीम प्रथम

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में शुक्रवार को 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय रेल के विभिन्न जोनों की 14 टीमों के कुल 122 खिलाड़ियों ने सहभागिता की, जिनमें 71 पुरुष एवं 51 महिला खिलाड़ी शामिल रहीं। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (दपूमरे) की टीम एवं महिला वर्ग में उत्तर पूर्व रेलवे (उपूरे) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं मीनाक्षी शर्मा, अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

बैठक | पूर्व-निर्धारित बुकिंग, पारिवारिक यात्रा और निजी पर्यटक बुकिंग पर यह नियम लागू नहीं होगा, नियम तोड़ने पर लगेगा जुर्माना

# अमरकंटक में टैक्सी चालकों का विवाद समाप्त, वन-वे व्यवस्था लागू




अनूपपुर, नवभारत 13 दिसंबर। अमरकंटक में टैक्सी चालकों के बीच पिछले एक सप्ताह से चला आ रहा विवाद शनिवार को समाप्त हो गया। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा और अमरकंटक के टैक्सी चालकों के बीच चल रहे तनाव को प्रशासन ने आपसी सहमति से सुलझा लिया। अमरकंटक नगर परिषद सभागार में एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त बैठक में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। बैठक में पुष्पराजगढ़ एसडीओपी नवीन तिवारी, पेंड्रा रोड एसडीएम विक्रांत कुमार अंचल, एसडीओपी गौरेला श्याम कुमार सिदार, थाना प्रभारी गौरेला सौरभ सिंह, थाना प्रभारी अमरकंटक लाल बहादुर तिवारी सहित टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी और वाहन चालक उपस्थित रहे।

### यातायात लगभग हो गया था ठप

गौरतलब है कि टैक्सी चालकों के विवाद के कारण अमरकंटक और पेंड्रा रोड के बीच यातायात लगभग ठप हो गया था। इससे पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले पर्यटक, तीर्थयात्री और स्थानीय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही, पर्यटन नगरी अमरकंटक की छवि पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। मीडिया में मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए संयुक्त बैठक बुलाकर समाधान की दिशा में पहल की।

### अब आवागमन हो जाएगा सामान्य

लंबी चर्चा के बाद प्रशासन ने दोनों क्षेत्रों में 'वन-वे' व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया, जिस पर सर्वसम्मति बनी। इसके तहत पेंड्रा क्षेत्र के वाहन अमरकंटक तक सवारियां छोड़ सकेंगे, लेकिन वापसी में सवारी नहीं ले जाएंगे। इसी तरह अमरकंटक के वाहन यात्रियों को पेंड्रा रेलवे स्टेशन तक छोड़ेंगे, पर स्टेशन से अमरकंटक के लिए सवारी नहीं उठाएंगे। हालांकि, पूर्व-निर्धारित बुकिंग, पारिवारिक यात्रा और निजी पर्यटक बुकिंग पर यह नियम लागू नहीं होगा। सहमति के बाद दोनों क्षेत्रों में आवागमन सामान्य हो गया है।

### एक समान पर्यटन दर सूची भी स्वीकृत

बैठक में अमरकंटक के पर्यटन स्थलों, परिक्रमा तट परिवर्तन और स्थानीय भ्रमण के लिए एक समान पर्यटन दर सूची भी स्वीकृत की गई। अमरकंटक टैक्सी यूनियन अध्यक्ष आदित्य जायसवाल द्वारा प्रस्तुत सूची को एसडीएम वसीम अहमद भट्ट ने अनुमोदन प्रदान किया। एसडीएम भट्ट ने निर्देश दिए कि सभी टैक्सी वाहन अब निर्धारित अधिकृत दरों पर ही सेवा देंगे। निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने पर संबंधित चालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।